उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**

(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)

CIN : U40109UR2001SGC025867

Email ID: do.upcl@yahoo.co.in, Website: www.upcl.org

पत्रांक –निदे0(परि0)/उपाकालि/ M-20 दिनांक: 06 –06–2025

# कार्यालय ज्ञाप

वर्तमान में प्रदेश में गतिमान चार धाम यात्रा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने एवं वर्षाकाल में विद्युत लाईनों के अनुरक्षण इत्यादि कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने को दृष्टिगत रखते हुए समस्त कार्मिकों के अवकाश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि कारपोरेशन में कार्यरत किसी भी कार्मिक द्वारा कार्यदिवसों के साथ–साथ अवकाश के दिनों में भी अपना मुख्यालय नहीं छोड़ा जायेगा तथा विशेष परिस्थतियों में मुख्यालय छोड़ने या अवकाश हेतु सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता/मुख्य अभियन्ता (सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी के 02 स्तर ऊपर) द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करने के उपरान्त ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।

साथ ही कार्य की आकस्मिकता/अपरिहार्यता की स्थिति में किसी भी समय किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को कार्यालय में बुलाया जा सकता है, जिसमें उनका उपस्थित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकती है।

उक्त के अतिरिक्त समस्त नियंत्रक अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने/अवकाश पर रहने तथा प्रभावी कार्य निष्पादन न करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची प्रत्येक कार्यदिवस पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराने के साथ–साथ सम्बन्धित कार्मिको के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही भी अमल में लाते हुए कृत कार्यवाही की सूचना से भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

( एम0 आर0 आर्य )
निदेशक (परिचालन)

पत्रांक 2616–निदे0(परि0)/उपाकालि/M-20 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. स्टाफ ऑफिसर–1, प्रबन्ध निदेशक, उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
2. निदेशक (वित्त/परियोजना), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि प्रबन्ध निदेशक महोदय के निर्देशानुसार उक्तानुसार व्यवस्था अपने निदेशालय में भी करने का कष्ट करें।
3. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
4. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–1/2)/महाप्रबन्धक, उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
5. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
6. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रो0/का0में0), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
7. समस्त नोटिस बोर्ड।

( एम0 आर0 आर्य )
निदेशक (परिचालन)